न्यायालय अतिरिक्त जिला कलेक्टर,सवाईमाधोपुर

पीठासीन अधिकारी–डॉ0सूरज सिंह नेगी

अपील संख्या 01 / 2021 तारीख रजू 01.01.2021

1. लक्ष्मीनारायण 2 महेन्द्र पुत्रान चौथमल जाति काछी निवासी रामपुरा
3. कान्ती 4. सरोज 5. गायत्री 6. गणेशी पुत्रियॉ चौथमल जाति काछी निवासी रामपुरा तहसील सवाई माधोपुर। ———— अपीलार्थीगण

बनाम

1. रामकोरी बेवा रामस्वरूप जाति काछी निवासी रामपुरा तह0सवाई माधोपुर।
2. धन्नी पुत्र रामस्वरूप जाति काछी निवासी रामपुरा तहसील सवाई माधोपुर।
3. त्हसीलदार (भू0अभि0) सवाई माधोपुर। ——————रेस्पोडेन्ट

निर्णय दिनांक...16/3/2021...

अपीलार्थी ने यह अपील राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम,1956 की धारा 75 के अन्तर्गत तहसीलदार खण्डार द्वारा नामान्तरकरण संख्या 178 निर्णय दिनांक 26.06.2015 में पारित आदेश विरूद्व प्रस्तुत कर उक्त नामान्तरकरण को निरस्त करने हेतु निवेदन किया गया।

अपील माननीय राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर के निर्णय दिनांक 29.01.20 से रिमाण्ड होकर इस आशय के साथ प्राप्त हुई कि अदालत हाजा के समक्ष दोनो पक्ष मूल राजीनामा पेश करने पर राजीनामानुसार विधि सम्मत निर्णय पारित करे। अपील प्राप्त होने पर दर्ज रजिस्टर की जाकर उभय पक्षकारान की तलबी जरिये सम्मन की गई उभय पक्ष जरिये अधिवक्ता उपस्थित होकर दोनो पक्षो द्वारा मूल राजीमाना पेश किया गया। बहस उभय पक्ष सुनी गई।

उभय पक्ष की बहस सुनने उस पर मनन करने तथा मूल राजीनामा का अवलोकन करने के पश्चात मै इस निष्कर्ष पर पहूँचा हूँ कि पक्षकारान के मध्य आपसी लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है। अतः राजीनामा तस्दीक कर तहसीलदार सवाई माधोपुर को निर्देशित किया जाता है कि राजीनामानुसार आराजी खसरा नम्बर 355 रकबा 0.9100 हैक्टर का सम्पूर्ण हिस्सा प्रथम पक्ष अपीलान्ट का रहेगा व शेष खसरा नम्बर 118 रकबा 0.1200 खसरा नम्बर 119 रकबा 0.1200 खसरा नम्बर 129 रकबा 0.06 खसरा नम्बर 130 रकबा 0.02 खसरा नम्बर 375 रकबा 0.5800 खसरा नम्बर 5 रकबा 0.2200 खसरा नम्बर 67 रकबा 1.37 हैक्टर वाके ग्राम रामपुरा में से आधा हिस्सा अपीलान्टगण का व आधा हिस्सा रेस्पोडेण्ड धन्नी का रहेगा। उक्तानुसार तहसीलदार सवाई माधोपुर नामान्तरकरण तस्दीक करने की कार्यवाही सम्पादित करे।

निर्णय आज दिनांक...16/3/2021...को लिखया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्फतर हो।

(डॉ0सूरज सिंह नेगी)
अतिरिक्त जिला कलेक्टर,
सवाईमाधोपुर

Signature Not Verified

Digitally signed by Dr. Suraj Singh Negi
Date: 2022.02.10 13:55:02 IST
Reason: SelfAttested